# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 28.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **झारखंड समेत नौ राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों का लाभ उठाकर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजी जुटाने के प्रयास तेज।**
2. **आईआईटी आईएसएम धनबाद में बीसीसीएल के सीएसआर पहल के तहत छात्रों के लिए STEM शिक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन।**
3. **पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा वन प्रमंडल की ओर से आज हाथी पीड़ित ग्रामीणों के बीच 22 लाख रूपये से अधिक की मुआवजा राशि का किया गया वितरण।**
4. **राष्ट्रीय महिला आयोग ने देश में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों पर अपनी सिफारिशों से जुड़ी रिपोर्ट सरकार को सौंपी।**

**और**

5. **राज्य के तीन पहलवान एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए रांची से हुए रवाना।**

********************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एनएचएआई ने वित्त वर्ष 2026–27 के दौरान मुद्रीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रस्तावित खंडों की अस्थायी सूची को अंतिम रूप दे दिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि चिन्हित राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों की कुल लंबाई एक हजार छह सौ उनसठ किलोमीटर से अधिक है। ये झारखंड, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र सहित नौ राज्यों में फैले हुए हैं।

सरकार की इस पहल का उद्देश्य परिचालनशील राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों का लाभ उठाकर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजी जुटाना, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाना है।

********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से हर अवैध अप्रवासी की पहचान करके उसे निर्वासित करने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई है। आज गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि सरकार सीमाओं की सुरक्षा और देश में अवैध अप्रवासन को समाप्त करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है।

********************

आईआईटी आईएसएम धनबाद के पेनमैन ऑडिटोरियम में बीसीसीएल के सीएसआर पहल के तहत "अंडरप्रिविलेज्ड और प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन छात्रों के लिए STEM शिक्षा" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य बीसीसीएल क्षेत्र के जरूरतमंद और परियोजना प्रभावित छात्रों को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल और वैज्ञानिक शिक्षा बेहद जरूरी हो गई है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी समझ विकसित करने में सहायक साबित होंगे।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा वन प्रमंडल की ओर से आज हाथी पीड़ित ग्रामीणों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया गया। डीएफओ अविरूप सिन्हा के नेतृत्व में ससंगदा रेंज अंतर्गत भनगांव और नवागांव के ग्रामीणों को सहायता राशि प्रदान की गई। यह कार्यक्रम ससंगदा रेंज कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां हाथियों के हमले में घर टूटने, फसल बर्बाद होने और जानमाल की क्षति झेलने वाले ग्रामीणों को मुखिया लिपि मुंडा की मौजूदगी में वन विभाग के अधिकारियों ने चेक के माध्यम से राशि का भुगतान किया। वन विभाग के अनुसार हाथी प्रभावित ग्रामीणों को कुल 22 लाख 53 हजार 397 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

********************

राष्ट्रीय महिला आयोग ने भारत में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों पर अपनी सिफारिशों से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट गृह मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को सौंप दी है। यह रिपोर्ट व्यापक विचार–विमर्श के बाद तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य देशभर में मुस्लिम महिलाओं के कानूनी, सामाजिक और संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करना है। आयोग ने कहा कि हाल के कानूनी सुधारों से महिलाओं के अधिकारों को मजबूती मिली है, लेकिन कानूनी जागरूकता और न्याय तक पहुंच को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है।

********************

राज्यभर में आज ईद उल अजहा शांतिपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर राज्य के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में नमाज की विशेष व्यवस्था की गई। ईद–उल–अज़हा को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहा और शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद मनाने को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये। बकरीद पैगंबर हजरत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के प्रति दिखाए गए अटूट विश्वास, त्याग और समर्पण की याद में मनाई जाती है। इस दौरान राजधानी रांची समेत राज्यभर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिखी प्रशासन की तत्परता।

********************

रांची जिले के चान्हों प्रखंड के कदमटोली में एक वर्ग विशेष द्वारा गांव के एक परिवार के महिला पुरुष और 3 साल के मासूम बच्चे के साथ मारपीट की घटना को भारतीय जनता पार्टी में निंदनीय बताया है। घटना के चार दिन हो जाने के बाद भी अभी तक एक भी गिरफ्तारी नहीं होने पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

********************

जमशेदपुर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने रात्रि गश्ती और टेंगो मोबाइल की निगरानी तेज कर दी है। इसी अभियान के तहत टेल्को थाना पुलिस ने बंद घर में चोरी की कोशिश कर रहे एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एलएफएस स्कूल के सामने एक बंद क्वार्टर में चोरी का प्रयास कर रहे दो युवकों को पकड़ा है। पूछताछ में इन्होंने कई थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की।

********************

पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के बटसारा में कुटी काटने के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। आज सुबह बटसारा गांव के एक खलिहान में ट्रैक्टर में लगी कुटी मशीन से पुआल काटने के दौरान उनका हाथ अंदर मशीन में चला गया और अधिक खून बह जाने से उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पड़वा थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया।

********************

राज्य के तीन पहलवान एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए रांची से रवाना हुए हैं। रिया कुमारी, अमित गोप और अभिषेक कुमार दिल्ली और लखनऊ में आयोजित ट्रायल में भाग लेकर भारतीय कुश्ती टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगे। झारखंड राज्य कुश्ती संघ ने इसे राज्य के खेल इतिहास के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए खिलाड़ियों की मेहनत और खेल विभाग के सहयोग की सराहना की है।

********समाप्त********